Patrika (Indore), 1st December 2019, *Patrika Plus*, Page-17

फ्रांस नॉलेज समिट

# आइआइटी इंदौर और फ्रांस की आइएनपीटी में फैकल्टी-स्टूडेंट्स एक्सचेंज को लेकर एमओयू

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

इंदौर ● इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर ने फ्रांस में आयोजित हुए नॉलेज समिट में हिस्सा लिया। इसमें टीम ने एरोनॉटिक्स एंड स्पेस, एग्रीकल्चर और फूड प्रोसेसिंग, इको एनर्जी और रिन्यूएबल एनर्जी, स्मार्ट सिटी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, बिग डाटा, मैथेमेटिक्स, स्ट्रेंथिंग एम्प्लॉयबिलिटी एंड एंटरप्रेन्योरशिप जैसे क्षेत्रों में बारे जाना। इस अवसर पर आइआइटी इंदौर ने नेशनल पॉलीटेक्निक इंस्टिट्यूट ऑफ टाउलुस (आइएनपीटी) के साथ फैकल्टी और स्टूडेंट्स एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए एक करार (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए।

आइआइटी इंदौर की टीम ने एक्सचेंज और संयुक्त कार्यक्रमों के माध्यम से स्टूडेंट्स की गतिशीलता बढ़ाने की संभावना की खोज पर जोर दिया। इससे भारतीय स्टूडेंट्स को फ्रेंच यूनिवर्सिटी के उद्योगों से संपर्क करने का मौका मिलेगा। आइआइटी इंदौर ने भारत की अनुसंधान प्रयोगशाओं और यहां के शैक्षणिक संस्थानों में फ्रांस के स्टूडेंट्स दौरा कर सकें इसके लिए एक सहयोगी ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने की बात समिट में कही। विदेशों में जाकर वहां के एजुकेशनल इंस्टिट्यूट्स की पढ़ाई का भी आइआइटी इंदौर के स्टूडेंट्स हिस्सा बन सकें इस बारे में भी चर्चा की गई। इस नॉलेज समिट का उद्देश्य हायर एजुकेशन में अनुसंधान और नवाचार में भारत और फ्रांस के बीच के संबंधों को और बेहतर बनाना था। सम्मेलन के सत्र में आइआइटी इंदौर के डायरेक्टर प्रो. प्रदीप माथुर ने इंटर डिसिप्लिनरी रिसर्च को बढ़ावा देने और संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों के माध्यम से शैक्षणिक कार्यक्रमों में अंतराष्ट्रीयकरण को प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। सम्मेलन के आखिरी में इंडो-फ्रेंच टीमों ने तय किया कि एरोनॉटिक्स और स्पेस संघ बनाएंगे। दोनों हर साल मिलेंगे और फ्रांस में इंटर्नशिप संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर देंगे। इस संघ में एरोनॉटिक्स और स्पेस के क्षेत्र में काम करने वाले देशों के शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के साथ भारतीय और फ्रांसीसी उद्योगों को शामिल किया जाएगा।



एमओयू साइन करते हुए।